प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

11.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मंडी में जन संकल्प सम्मेलन का आयोजन–मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने तीन साल के निर्णयों का किया जिक्र।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–सरकार में किसी तरह की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त।
- प्रदेश सरकार के जनसंकल्प सम्मेलन को भाजपा ने भड़ास निकालने का मंच दिया करार–नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–कांग्रेस की अंतरकलह आई सामने।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मण्डी में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के किए लोकार्पण–आपदा प्रभावितों को 51 करोड़ से अधिक की राशि की प्रदान।

जन संकल्प सम्मेलन

प्रदेश की कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर आज मंडी के पड्डल मैदान में जन संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह मौजूद नहीं थे जबकि मंत्रिमण्डल के अन्य सदस्य और कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल सहित कई पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया और भाजपा पर केन्द्रीय सहायता रूकवाने का आरोप लगाया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार किसी भी प्रकार की लापरवाही या आदेशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं करेगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे मण्डी जिला संवाददाता.....

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार के तीन साल के कार्यक्रम को केवल भड़ास निकालने का मंच करार दिया। आज मण्डी में एक पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन साल का जश्न आपदा में सबसे अधिक प्रभावित मण्डी में मनाया जो सरकार की असंवेदनहीनता को दर्शाता है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस में अंदरूनी लड़ाई चल रही है जो आज इस सम्मेलन में साफ तौर पर सामने आई है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि हॉली लॉज के सहारे सत्ता में आई सरकार ने सम्मेलन में हॉली लॉज को पूरी तरह अनदेखा किया।

रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरे होने पर मण्डी में आयोजित जश्न को असफल शासन व्यवस्था और जनता को दिए धोखे का खुला महोत्सव करार दिया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार तीन साल बाद विकास का कोई आंकड़ा नहीं दिखा पाई और अब सत्ता का दुरूपयोग कर अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ–साथ जनता को धमकाने का रास्ता अपना रही है।

इस बीच प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने सरकार के जनसंकल्प सम्मेलन को नाकामी, झूठी घोषणाओं और जनता पर डाले गए बोझ का जुलूस बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि रैली में बेरोजगार नर्सें हाथों में तख्तियां लेकर न्याय की मांग कर रहीं थीं जबकि सरकार जश्न मनाकर

उनकी आवाज को दबाती रही। विपिन परमार ने कहा कि इस बात से स्पष्ट है कि सरकार का चरित्र जनता विरोधी और संवेदनहीन है।

पैंशनर

पैंशनर संयुक्त संघर्ष समिति ने भी प्रदेश सरकार द्वारा मण्डी में आयोजित जन संकल्प सम्मेलन को लेकर सवाल उठाए हैं। आज शिमला में एक पत्रकारवार्ता के दौरान समिति के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि सरकार वित्तीय संकट का हवाला देकर पैंशनरों की मांगों को अनदेखा कर रही है जबकि आपदा से सबसे अधिक प्रभावित मण्डी में जनसंकल्प सम्मेलन के तौर पर जश्न मनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री

मंडी में आयोजित जन संकल्प सम्मेलन के दौरान आज मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की योजनाओं और महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों के तहत लाभार्थियों को लाभ वितरित किए। उन्होंने सामुदायिक राहत केन्द्र राहकोट थुनाग जनता को समर्पित किया। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने राजीव गांधी प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के 4 सौ एक लाभार्थियों के खातों में 50 लाख 63 हजार रुपये डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर द्वारा प्रदान किए। इसके अलावा उन्होंने सात जिलों के आपदा प्रभावितों को 51 करोड़ एक लाख 22 हजार 7 सौ रुपये की विशेष राहत राशि प्रदान की।

सिकंदर

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया है कि केन्द्र सरकार ने एक सौ 50 करोड़ रूपए वित्तीय परिव्यय के साथ राष्ट्रीय हिमनद झील विस्फोट बाढ़ जोखिम शमन परियोजना के लिए चार राज्यों अरूणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और उत्तराखण्ड में कार्यान्वयन के लिए मंजूरी दे दी है। राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी।

मुख्य समाचार एक बार फिर....

- राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मंडी में जन संकल्प सम्मेलन का आयोजन—मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने तीन साल के निर्णयों का किया जिक्र।
- उप—मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा—सरकार में किसी तरह की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त।
- प्रदेश सरकार के जनसंकल्प सम्मेलन को भाजपा ने भड़ास निकालने का मंच दिया करार—नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा—कांग्रेस की अंतरकलह आई सामने।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मण्डी में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के किए लोकार्पण—आपदा प्रभावितों को 51 करोड़ से अधिक की राशि की प्रदान।